एस.एम.एस. मोर्चरी के बाहर संजय पांडे के परिजनों व भाजपा नेताओं का धरना

कानोता में संजय पांडे ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, ऑडियो नोट में ट्रांसपोर्टर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया

जयपुर। कानोता इलाके में संजय पांडे की आत्महत्या का मामले में विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। एसएमएस अस्पताल में मोर्चरी के बाहर शुक्रवार को परिजनों ने हंगामा किया। परिजनों का कहना है कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। तब तक पोस्टमार्टम नहीं कराया जाएगा और शव को नहीं लिया जाएगा। इस दौरान मौके पर पुलिस अधिकारियों ने समझाइस का

- **पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, जिलाध्यक्ष राघव शर्मा, भारत शर्मा, किरोड़ीलाल मीणा व अन्य नेता धरना स्थल पर पहुंचे**

प्रयास किया। लेकिन परिजन नहीं माने और समझाइस के प्रयास विफल रहे।

इसके बाद एसएमएस पुलिस थाने के बाहर राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा, भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, शहर अध्यक्ष राघव शर्मा और भाजपा नेता राजपाल सिंह शेखावत सहित अन्य मौके पर पहुंचे। भाजपाईयों ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। मौके पर पुलिस अधिकारियों ने भाजपा नेताओं से बात करने का प्रयास किया। लेकिन भाजपा नेता नहीं माने। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने गहलोत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि यह सरकार का फेलियर है। कानून नाम की कोई चीज नहीं है। संजय पांडे को आत्महत्या करनी पड़ी। आज उसका परिवार बेघर हो गया। इसके लिए यह सरकार जिम्मेदार है।

हाथोज धाम के स्वामी बालमुकन्दाचार्य ने कहा कि ट्रांसपोर्ट व्यवसायी शब्बीर कुमार ने संजय पांडेय का वेतन रोक लिया। इसके साथ ही वह जाते जाते बड़ा खुलासा कर गए कि शब्बीर गौ हत्या का व्यवसाय ट्रांसपोर्ट की आड़ में करता था। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ा मामला है, धार्मिक भावनाएं भी भड़कती हैं। यह बहुत बड़ा माफिया है। सरकार से प्रार्थना है कि उच्च स्तर पर जांच की जाए। अगर इसका निराकरण नहीं हुआ तो संत समाज की ओर से बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मरने से पहले संजय पांडे ने ऑडियो में कहा कि वह इसलिए मर रहा है कि शब्बीर ने उसे परेशान किया है। उसका वेतन नहीं दिया है। यूपी में अतीक के मर्डर होने पर उसे नौकरी से निकाल दिया है। वेतन भी नहीं दिया है। इसके साथ ही शब्बीर गौ हत्या का व्यवसाय करता है। राजस्थान के बाहर तक इसका गौ हत्या से जुड़ा व्यवसाय है। शब्बीर को विधायक रफीक खान का आशिर्वाद है।

मृतक संजय पांडेय (49) पुत्र रामबाबू पांडेय पुराना खानिया कानोता का रहने वाला था। वह अजंता ट्रांसपोर्ट कम्पनी में मैनेजर जॉब करता था। जो गाड़ियां कहां आती-जाती हैं। इसका पूरा रिकॉर्ड रखता था। 19 अप्रैल को दोपहर करीब 1 बजे पत्नी और बेटा रद्राक्ष किसी काम से बाहर गए थे। घर में अकेला होने के दौरान संजय ने रस्सी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। दोपहर करीब 3 बजे पत्नी-बेटे के घर लौटने पर संजय फंदे से लटका मिला। सुसाइड की सूचना पर कानोता थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका-मुआयना कर शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी भिजवाया। पुलिस को मृतक के मोबाइल में दो ऑडियो क्लिप मिली। मरने से पहले संजय ने अपने मोबाइल में ऑडियो सुसाइड नोट बनाया था। पुलिस ने मोबाइल को जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कानोता इलाके में संजय पांडे आत्महत्या मामले में शुक्रवार को एसएमएस अस्पताल में मोर्चरी के बाहर परिजनों ने धरना देकर हंगामा किया। इस दौरान मौके पर पुलिस अधिकारियों ने समझाइस का प्रयास किया। लेकिन परिजन नहीं माने और समझाइस के प्रयास विफल रहे।

लीलाधर "जनसम्पर्क उत्कृष्टता अवार्ड" से सम्मानित

जयपुर, (का.सं.)। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की समाचार शाखा के सहायक निदेशक लीलाधर को पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इंडिया जयपुर चेप्टर की ओर से शुक्रवार को यहां पिंकसिटी प्रेस क्लब में आयोजित 46वें राष्ट्रीय जनसम्पर्क दिवस एवं सम्मान समारोह के अवसर पर उनके द्वारा अर्जित उपलब्धियों के लिए "जनसम्पर्क उत्कृष्टता अवार्ड" से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर लीलाधर को शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल भेंटकर एवं स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

लीलाधर को यह सम्मान पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इण्डिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक, पूर्व आई.ए.एस, आई.सी. श्रीवास्तव तथा पत्र सूचना कार्यालय एवं केन्द्रीय संचार ब्यूरो की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला एवं पिंकसिटी प्रेस क्लब, जयपुर के अध्यक्ष राधारमण शर्मा द्वारा प्रदान किया गया।

रामप्रसाद मीणा सुसाइड मामले में गहलोत सरकार को नोटिस

राष्ट्रीय अनूसूचित जनजाति आयोग ने सरकार से तीन दिन में एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी

जयपुर (कासं)। कैबिनेट मंत्री महेश जोशी समेत 8 लोगों पर मकान नहीं बनाने देने और परेशान करने का आरोप लगाकर सुसाइड करने वाले रामप्रकाश मीणा का मामला अब राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गया है। राष्ट्रीय अनूसूचित जनजाति आयोग ने रामप्रकाश मीणा की मौत पर राज्य सरकार को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है। आयोग ने मुख्य सचिव, डीजीपी, जयपुर पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव, जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित और जयपुर हैरिटेज नगर निगम के आयुक्त विश्राम मीणा को नोटिस भेजा है। एसटी आयोग ने नोटिस के जवाब के साथ सरकार से एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है।

इस सख्ती के बाद हैरिटेज नगर निगम कमिश्नर विश्राम मीणा ने अतिरिक्त आयुक्त को जांच अधिकारी बनाकर पूरे मामले की 7 दिन में जांच करने का आदेश दिया है। साथ ही सर्तकता विंग के नीरज तिवाड़ी को निलंबित कर दिया गया है। हालांकि उपायुक्त नीलकमल मीणा पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके अलावा स्वायत्त शासन विभाग ने भी कंवर नगर राजामल का तालाब स्थित मंदिर श्री गिरधरजी के महंत ललित कुमार शर्मा को नोटिस थमाया है। जिसमें 24 अप्रैल को शाम 4 बजे तक का समय देते हुए मंदिर की जमीन पर होटल बनाने के बारे में स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि स्वयं उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत करें, अन्यथा एकतरफा कार्रवाई की जायेगी। उधर पिछले पांच दिनों से धरने पर बैठी मृतक रामप्रसाद की मां व धर्मपत्नि की शुक्रवार को तबियत खराब हो गई। जिन्हें सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- **हैरिटेज निगम की सतर्कता विंग के नीरज तिवाड़ी सस्पैंड, उपायुक्त नीलकमल मीणा पर कोई कार्रवाई नहीं**
- **स्वायत्त शासन विभाग ने मंदिर श्री गिरधरजी के महंत ललित कुमार शर्मा को नोटिस थमाया**
- **पिछले 5 दिनों से धरने पर बैठी मृतक रामप्रसाद की मां व धर्मपत्नि की तबियत बिगड़ी**

ज्ञात रहे कि जयपुर में चांदी की टकसाल क्षेत्र में रहने वाले रामप्रसाद मीणा ने जमीन का पट्टा होने के बावजूद मकान नहीं बनने देने से परेशान होकर सुसाइड कर लिया था। मृतक ने मंत्री महेश जोशी सहित आठ लोगों पर परेशान करने का आरोप लगाते हुए सुसाइड कर लिया था। इस मामले में बीजेपी सासंद किरोड़ीलाल मीणा धरने पर बैठे। मृतक का अब तक अंतिम संस्कार नहीं हुआ है। एक दिन पहले ही पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने भी रामप्रसाद के घर जाकर परिजनों को सांत्वना दी थी।

नेता प्रतिपक्ष के जन्म दिवस पर इतिहास का सबसे अधिक रक्तदान

राठौड़ ने इस मौके पर कहा, "खून किसी फ़ैक्ट्री में नहीं बनता, यह है अनमोल"

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सर्व कल्याण की भावना से प्रेरित होकर नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिन पर 15 से 21 अप्रैल तक मानव सेवा सप्ताह मनाया गया और 400 ब्लड डोनेशन कैम्पों के माध्यम से 65 हजार से अधिक यूनिट ब्लड एकत्रित कर एक रिकॉर्ड बनाया गया। इस अवसर पर राठौड़ ने कहा कि रक्तदान से बड़ा दान नहीं क्योंकि खून किसी फ़ैक्ट्री में निर्मित नहीं होता, यह अनमोल है। इसलिये मेरे खून का ज़र्रा-ज़र्रा भी यदि राजस्थान के काम आये और मेरी जान भी चली जाये तो यह मेरा सौभाग्य होगा।

मानव सेवा सप्ताह के संयोजक वासुदेव चावला व सह संयोजक प्रशांत टावरी ने बताया कि 15 अप्रैल को 22 शिविरों में 4 हज़ार 129, 16 अप्रैल को 75 शिविरों में 15 हज़ार 747, 17 अप्रैल को 25 शिविरों में 4 हज़ार 339, 18 अप्रैल को 35 शिविरों में 3 हज़ार 418, 19 अप्रैल को 48 शिविरों में 9 हज़ार 879, 20 अप्रैल को 61 शिविरों में 11 हज़ार 663 यूनिट और 21 अप्रैल को 99 शिविरों में 16 हजार 150 यूनिट रक्त 200 विधान सभा क्षेत्रों में संग्रहण कर समर्थकों ने अपने नेता के प्रति आस्था जताई। उत्साह इतना था कि रक्त दानियों की संख्या और ब्लड बैंक में ब्लड ज्यादा हो जाने के कारण कई बल्ड बैंकों ने खून लेने से ही मना कर दिया, जो राजस्थान के इतिहास में पहली बार हुआ।

राठौड़ जब पहली बार चिकित्सा मंत्री बने तब रक्त की कमी से हजारों लोग की असमय मृत्यु हो जाती थी। तब से ही उन्होंने रक्तदान को अपने जीवन का हिस्सा मान लिया। उनके जन्मदिवस पर रक्त दान शिविर आयोजित करने का यह सिलसिला 1993 यानि 30 सालों से जारी है। पिछले वर्ष भी 33 जिलों में 190 रक्तदान शिविर लगा कर 45 हजार और 2012 में रिकॉर्ड 25 हजार यूनिट ब्लड इकट्ठा हुआ। राठौड़ ने हमेशा 3 मोर्चों पर काम किया। पहला कुष्ठ व क्षय रोगियों की सहायता, दूसरा रक्तदान और तीसरा ऑर्गन डोनेशन के लिए लोगों को प्रेरित करना।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

रोजगार लेने वाला नहीं, रोजगार देने वाला बने युवा : सांसद बोहरा

जयपुर की दादिया ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में पहले ऋण आवेदनकर्ता का आवेदन सांसद रामचरण बोहरा एवं खादी ग्रामोद्योग आयोग के चेयरमैन मनोज गोयल ने कंप्यूटर पर बटन दबाकर सबमिट किया।

जयपुर। दादिया ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत रोजगार सृजन कैंप लगाया गया जिसके माध्यम से जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने वहां उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत मिलने वाले ऋण के लिए आवेदन भी करवाए।

वहां पहले ऋण आवेदनकर्ता का आवेदन सांसद बोहरा एवं खादी ग्रामोद्योग आयोग के चेयरमैन मनोज गोयल ने कंप्यूटर पर बटन दबाकर सबमिट किया। वहां 50 से ज्यादा लोगों ने ऋण के लिए आवेदन सांसद बोहरा कहा कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य यह है कि कोई भी युवा कोई भी महिला कोई भी व्यक्ति जो कुछ ना कुछ काम करना चाहता है अपना स्वरोजगार स्थापित करना चाहता है उसे आर्थिक रूप से सहायता प्रदान की जा सके। और हमारे देश के युवा रोजगार लेने की वजह रोजगार देने वाले बने। आज भारत विश्व का सबसे युवा देश है यहां की युवा शक्ति भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान निभा रही है। आज भारत में बनी स्टार्टअप्स विश्व भर में नाम कमा रहे हैं। इस कैंप के माध्यम से लघु उद्योग शुरू करने वाले लोगों को भी सहायता मिलेगी लघु उद्योग भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहे हैं, और यह जानकर बड़ा हर्ष होता है कि लघु उद्योगों में अधिकतर काम कर महिलाएं हैं भारत की महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन रही हैं।

पुलिस विभाग में 500 मोबाइल यूनिट्स का होगा गठन

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुलिस विभाग के सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण की दिशा में 108 एम्बुलेंस की तर्ज पर 500 नवीन मोबाइल यूनिट्स के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

इन मोबाइल यूनिट्स को अभय कमांड सेंटर (डायल 100/डायल 112) से जोड़ा जाएगा। प्रत्येक यूनिट में 1 हैड कांस्टेबल और 2 कांस्टेबल होंगे। इन यूनिट्स के गठन हेतु 500 वाहन सर्विस मॉडल पर लिया जाना प्रस्तावित है। जिनके संचालन पर वर्ष 2023-24 में लगभग 60 करोड़ रूपए खर्च होंगे।

प्रदेश में 591 नए संक्रमित मिले शुक्रवार को

जयपुर में सबसे ज्यादा 149 नए मरीज सामने आए हैं

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रदेश में शुक्रवार को थोड़ी कमी के बाद 591 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं दो लोगों की मौत भी हुई है। राज्य में नए संक्रमितों के मुकाबले में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 37 सौ के पार पहुंच गए हैं।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 26 जिलों में 591 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले गुरूवार को इनकी संख्या 669 रही थी। इधर आज भी राज्य में

- **चित्तौड़गढ़ और कोटा में करोना से दो लोगों की मौत हुई है।**

सबसे ज्यादा 149 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा भरतपुर में 91, जोधपुर में 44, अजमेर व उदयपुर में 41-41, बांसवाड़ा में 35, नागौर में 31, बीकानेर में 24, झालावाड़ में 22, सीकर में 16, दौसा में 14, पाली में 11, चूरू व गंगानगर में 10-10, चित्तौड़गढ़ में 9, अलवर में 8, झुंझुनूं में 7, डूंगरपुर में 6, टोंक में 5, भीलवाड़ा में 4, जैसलमेर व सिरोही में 3-3, बाड़मेर, राजसमंद व कोटा में 2-2 और धौलपुर में 1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच 10 हजार 362 कोविड जांच की गई है।

प्रदेश में शुक्रवार को भी नए संक्रमितों के मुकाबले रिकवरी कम हुई है। इस दौरान 370 मरीज ठीक हुए हैं। हालाकि एक्टिव केस बढ़कर 3742 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 973 मरीजों का इलाज जयपुर में चल रहा है। वहीं भरतपुर में 378, उदयपुर में 322, अजमेर में 218 और जोधपुर में 208 मामले है। उधर प्रदेश में शुक्रवार को करोना से चित्तौड़गढ़ और कोटा में 1-1 संक्रमित की मौत हुई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9689 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना की अवधि बढ़ाई

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शहरी क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स तथा सर्विस सेक्टर के युवाओं एवं बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने एवं उनकी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना की अवधि को 31 मार्च 2024 तक बढ़ाए जाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, योजना में आवेदन के लिए आयु सीमा 40 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की है। प्रस्ताव के अनुसार, इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना की अवधि 31 मार्च 2024 तक बढ़ाई गई है। पूर्व में इस योजना की अवधि 31 मार्च 2023 तक थी। साथ ही योजना में आवेदन के लिए आयु सीमा को 40 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष किया गया है।

सरकार के महंगाई राहत कैंपों पर कर्मचारी आंदोलन का साया

- **पूर्व में किए समझौते लागू नहीं किए, तो राजस्व सेवा परिषद करेगी महंगाई राहत कैंपों का बहिष्कार**
- **मंत्रालयिक कर्मचारी भी महापड़ाव पर, वार्ता के बावजूद नहीं बनी सहमति**

जयपुर, (का.प्र.)। राजस्थान में सरकार के महंगाई राहत कैंपों से पहले विभिन्न वर्गों के कर्मचारी संगठनों की हड़ताल में सरकार की व्यवस्थाओं को बिगाड़ दिया है राजस्थान में जहां एक और मंत्रालयिक कर्मचारी महापड़ाव देकर अपनी मांगे मनवाने पर पड़े हुए हैं। दूसरी और राजस्व सेवा परिषद के तहत पटवारी संघ, तहसीलदार परिषद और कानूनगो संघ पिछले 2 दिन से आंदोलन की राह पर हैं। इनका कहना है कि पूर्व में हुए समझौता पत्र को लागू नहीं किया गया, तो महंगाई राहत कैंपों का बहिष्कार किया जाएगा। ऐसे में सरकार की ओर से की जा रही तैयारियों पर विपरीत असर पड़ सकता है।

पिछले 2 दिन से राजस्थान राजस्व सेवा परिषद के बैनर तले राजस्थान पटवार संघ, तहसीलदार सेवा परिषद और कानूनगो संघ ने काम बंद हड़ताल कर रखी है। इस बारे में जानकारी देते हुए राजस्थान पटवार संघ के अध्यक्ष नरेंद्र कविया ने बताया कि हमने सरकार से पहले भी कई दौर में मांग पत्र सौंपा और पूर्व में जब हमने आंदोलन किया था, उस समय सरकार ने हमसे समझौते किए थे, लेकिन समझौते के किसी भी बिंदु को अभी तक लागू नहीं किया गया है। ऐसे में मजबूर होकर हमें दो दिन का आंदोलन करना पड़ा है। कविया ने कहा कि सरकार ने पूर्व में किए समझौते के अनुरूप हमारे मांग पत्र पर सहमति देते हुए उसे लागू नहीं किया, तो महंगाई राहत शिविर से हम खुद को अलग कर सकते हैं और अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जा सकता है। दूसरी ओर राजस्थान राज्य मंत्रालयिक महासंघ एवं सरकार के बीच शुक्रवार को सचिवालय स्थित अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा से वार्ता हुई, लेकिन सहमति नहीं बन पाई। जिन प्रमुख मांगों को लेकर कर्मचारी सामूहिक अवकाश के चलते महापड़ाव पर हैं, पर मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष राजसिंह चौधरी एवं उनके प्रतिनिधि मंडल के साथ सरकार के प्रतिनिधियों की चर्चा हुई, जिसमें संवर्ग के पदोन्नति के प्रथम पद वरिष्ठ सहायक की ग्रेडपे 2800 को विलोपित कर 3600 किया जाना, कनिष्ठ सहायक का प्रांरभिक वेतनमान जो वर्तमान सरकार द्वारा वर्ष 2013 में 25500 किया था उसे विगत वसुंधरा सरकार द्वारा वापस ले लिया उसे पुनः बहाल किया जावे, वरिष्ठ सहायक के पदौन्नति के पदो के प्रतिशत को 24 से बढ़ा कर 30 किया जावे। समकक्ष संवर्गो की भांति कनिष्ठ सहायक की भर्ती की योग्यता स्नातक किया जावे। इसके साथ ही पंचायती राज विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों के केडर रिव्यू के पश्चात पदों का नोटिफिकेशन जारी किया जाना एवं जिला स्थानांतरण पर लगी रोक को हटाया जावे सहित अन्य सभी मांगो पर द्विपक्षीय वार्ता हुई।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सपोटरा

क्रमांक:सीबीईओ/सपोटरा/183 दिनांक:17.04.2023

निविदा सूचना

सीबीईओ कार्यालय सपोटरा के वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु मासिक किराये पर वाहन हेतु दिनांक 23.04.2023 को दोपहर 12:00 बजे तक निविदाऐं आमंत्रित की जाती है निविदाऐं की शर्तें कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

UBN NUMBER- (RSE2324SSOB00092

CBEO SAPOTRA

आम-सूचना

मेरे द्वारा अपने अभिभाष्य भारतीय स्टेट बैंक की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र प्रसाद भटनागर पुत्र श्री जगदीश प्रसाद भटनागर के मकान न. 25/17, मानसरोवर, जयपुर का आवंटन पत्र क्रमांक 8084 दिनांक 27.03.1993 खो गया है। जिसकी रिपोर्ट जरिये LR No. 1620566/2022 दिनांक 03.11.2022 को थाना साइबर क्राइम में दर्ज करा दी गई है। उपरोक्त सम्पत्ति पर मेरे अभिभाष्य बैंक से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। अतः सभी वित्तीय संस्था व दीगर व्यक्ति जिन्हे उक्त आवंटन पत्र तथा उपरोक्त सम्पत्ति पर ऋणार्थ सृजित साम्य बधंक पर कोई आपत्ति हो तो मय साक्ष्य मेरे समक्ष 7 कार्य दिवस के अन्दर आक्षेप प्रस्तुत करें।

परमेन्द्र सिंह एडवोकेट
ए-975 सिद्धार्थ नगर जयपुर। मो. 9982724242

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य जीवनदास पंजाबी पुत्र स्व.श्री चिमनलाल निवासी प्लाट नम्बर-35, लक्ष्मी कॉलोनी स्टेडियम के पास सांगानेर जयपुर का पुत्र इंदरपाल मेरे अभिभाष्य के कहने सुनने में नहीं और उसके आचार, व्यवहार से मेरे अभिभाष्य की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है इस कारण मेरे अभिभाष्य का इंदरपाल से अब कोई संबंध नहीं रहा है और अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा अभिभाष्य उसके द्वारा किये गये कृत्यों के जिम्मेदार नहीं होगा। सूचित रहे।

(मुकेश कुमार शर्मा) एडवोकेट, मोबाईल-9413804800

प्रदेश बागड़ा ब्राह्मण अधिकारी- कर्मचारी कल्याण समिति, राजस्थान, जयपुर

प्रान्तीय कार्यालयः- बी-1-1/सी, शर्मा डेयरी, कालीदास मार्ग, बनीपार्क, जयपुर

आम सूचना दि. 21-04-2023

प्रदेश बागड़ा ब्राह्मण अधिकारी- कर्मचारी कल्याण समिति, राजस्थान, जयपुर रजिस्ट्रेशन नं. 23/ 2013-14 के मुख्य चुनाव अधिकारी मनमोहन मेहता द्वारा समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव पूर्व निर्धारित चुनावों के साथ दिनांक 07.05.2023 को सम्पन्न करवाया जायेगा प्रबंध कार्यकारिणी के नामांकन फार्मो का विक्रय, जमा एवं जांच दिनांक 23.04.2023 व 24.04.2023 समय प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक नाम वापसी दिनांक 25.04.2023 को प्रातः 10 बजे से सांय 4 बजे तक अन्तिम नामों की सूची का प्रकाशन दिनांक 25.04.2023 को सांय 6 बजे तक व चुनाव चिन्ह का आवंटन दिनांक 26.04.2023 को दोपहर 12 बजे तक कर दिया जायेगा। चुनाव कार्यालय का पताः श्री कन्हैया मेंशन, A-12, आचार्य विनोबा भावे नगर, आम्रपाली मार्ग, वैशाली नगर, जयपुर।

मुख्य चुनाव अधिकारी
मनमोहन मेहता, मो. नं. 93145 01913

नाम परिवर्तन

मैं श्वेता चोरडिया निवासी सी-61, संग्राम कॉलोनी, सी-स्कीम जयपुर-302001 राजस्थान, धर्मपत्नी अविनाश चोरडिया ने पूर्व में ही अपना नाम श्वेता मेहता (जन्म से उपनाम) से बदलकर श्वेता चोरडिया धर्मपत्नी अविनाश चोरडिया कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे

मैने अपना नाम हर्षित छजलानी से बदलकर हर्षित जैन रख लिया है अतः भविष्य में मुझे हर्षित जैन के नाम से जाना पहचाना जायेहर्षित जैन 37 डी, कोरल रेजीडेन्सी, धर्म पार्क, श्याम नगर, जयपुर

मैं लोकेन्द्र सिंह पुत्र दरियाण सिंह राजावत निवासी हनोतिया बुजुर्ग, जिला टोंक का हूँ। मैंने अपने पुत्र ओमान सिंह उम्र 5 वर्ष का नाम बदलकर कुंवर राष्ट्रदीप सिंह कर लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जावे।

मैंने अपना नाम प्रदीप कुमार से बदलकर प्रदीप कुमार गोयल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी ए-74, दादूदयाल नगर मानसरोवर, जयपुर

I have changed my name from Mahender Singh to Mohinder Singh R/o Plot No-47, Jawahar Nagar Colony, Tonk Road, Jaipur for all future purpose.

आम सूचना मैं भारती कोडमलानी पुत्री श्री आसनदास कोडमलानी ने एक अचल सम्पत्ति प्लाट सं. 24, नगर परिषद कॉलोनी के सामने, कंवर नगर के पास, राजामल का तालाब नाले के सहारे जयपुर राज.जिसकी नाप पूर्व से पश्चिम 30 फीट व उत्तर से दक्षिण 20 फीट हैं जिसका कुल क्षेत्रफल 66.69 वर्गगज बहैसियत दरोबस्त को श्री गोपाल सोलंकी पुत्र स्व.श्री देवीलाल सोलंकी निवासी प्लाट सं. 24, नगर परिषद कॉलोनी, के सामने, कंवर नगर के पास, जयपुर राज.से क्रय करने का इकरार किया है। उक्त अचल सम्पत्ति के बाबत किसी भी व्यक्ति/संस्था/फर्म सरकारी/गैर सरकारी आदि को कोई आपत्ति हो तो वह प्रकाशन दिनांक से चार (4) दिवस मय दस्तावेजात सहित मुझसे सम्पर्क करे। मियाद गुजरने के पश्चात उक्त अचल सम्पत्ति का हस्तान्तरण मेरे स्वयं के नाम से करवाने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

दिनांक-22-4-2023 भारती कोडमलानी पुत्री श्री आसनदास कोडमलानी निवासी प्लाट सं.11, शान्ति कॉलोनी मंगला मार्ग, ह्रदपुरी जयपुर राज.मोबाइल नम्बर-9828221831

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पत्ति मकान नम्बर 4, मार्ग नं. ए-9, कुमावत कॉलोनी, प्रेमनगर, झोटवाड़ा, जयपुर, राज., कुल क्षेत्रफल 148.6 वर्गगज है। उक्त सम्पत्ति रामराज शर्मा को जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा रजिस्टर्ड लीज डीड नं. 2134 दिनांक 31.10.2002 द्वारा प्राप्त हुआ। रामराज शर्मा, उनकी पत्नी श्रीमती राधा शर्मा व उनके पुत्र विजय कुमार (अविवाहित) व अरविन्द शर्मा के स्वर्गवास के पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारियों में उनके पुत्र गौरव शर्मा, अमर शर्मा व एक पुत्री श्रीमती अन्जना शर्मा व अरविन्द शर्मा के उनकी पत्नी श्रीमती कल्पना शर्मा, पुत्र आर्यन, पुत्री अंजली शर्मा उक्त सम्पत्ति के संयुक्त रूप से विधिक रूप से मालिक, स्वामी काबिज हुए। गौरव शर्मा, श्रीमती कल्पना शर्मा, अंजली शर्मा एवं आर्यन शर्मा एवं श्रीमती अंजना शर्मा ने उक्त सम्पत्ति में निहित अपने-अपने अविभाजित हिस्से को तीन अलग-अलग रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 23-04-2021, 28-12-2022 एवं 31-03-2023 द्वारा अमर शर्मा के हक में त्याग कर दिया, इस प्रकार अमर शर्मा उक्त सम्पत्ति के एकमात्र रूप से विधिक रूप से मालिक, स्वामी, अधिकारी काबिज हुए। अब हनसे लोकेश सिंह राठौड़ उक्त सम्पत्ति को क्रय कर रहे है जिस बाबत मेरी अभिभाष्य वित्तीय संस्था HDFC Ltd से ऋण ले रहे है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करे अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

दिनांक-21-4-2023 ऋषिकेश महर्षि, छत्रोवेस्ट (एस.आर.एम. पार्टनर) पता-82, एवरेस्ट विहार, क्रिम्स रेह निर्माण नगर, जयपुर, राज.